# मध्यप्रदेश समसामयिकी

## 15th November 2024

### 43वां भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला

43 वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला (IITF) **14 से 27 नवंबर, 2024** तक **भारत मंडपम कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली में** आयोजित किया जा रहा है।



**मुख्य बिंदु**

- वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने **14 दिवसीय कार्यक्रम** का उद्घाटन किया।
- इस वर्ष मेले की थीम **2047 में विकसित भारत है।**
- इस वर्ष फोकस राज्य **झारखंड** है, जबकि **बिहार और उत्तर प्रदेश भागीदार राज्य** हैं।
- इस वर्ष, **चीन, मिस्र, ईरान, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड, तुर्की और संयुक्त अरब अमीरात** सहित 11 देश अंतर्राष्ट्रीय मेले में भाग ले रहे हैं।

### सी-विजिल-24

भारतीय नौसेना **20 और 21 नवंबर 2024 को 'अखिल भारतीय' तटीय रक्षा अभ्यास 'सी विजिल-24' का चौथा संस्करण आयोजित** करने के लिए तैयार है।



**मुख्य बिंदु**

- सी विजिल अभ्यास का चौथा संस्करण भौगोलिक पहुंच और भागीदारी के परिमाण दोनों के संदर्भ में अभूतपूर्व पैमाने पर होगा, जिसमें **06 मंत्रालय और 21 संगठन/एजेंसियां** शामिल होंगी।
- इस वर्ष, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय के अधिकारी भी पहली बार भारतीय नौसेना के नेतृत्व वाली CDSRI टीमों का हिस्सा होंगे, साथ ही **राज्य समुद्री पुलिस, तटरक्षक बल, सीमा शुल्क, मत्स्य पालन** आदि के कार्मिक भी इसमें शामिल होंगे।
- मूल रूप से **2018 में परिकल्पित, सी विजिल को 26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों** के बाद तटीय रक्षा को मजबूत करने के लिए अपनाए गए उपायों को मान्य करने और बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया था। इसमें 11,098 किलोमीटर की पूरी तटरेखा और 2.4 मिलियन वर्ग किलोमीटर का विशाल अनन्य आर्थिक क्षेत्र शामिल है।

### जनजातीय गौरव दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी **15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस** मनाने के लिए **बिहार के जमुई** का दौरा करेंगे।



**मुख्य बिंदु**

- यह **धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती** वर्ष समारोह की शुरूआत का प्रतीक है।
- श्री नरेन्द्र मोदी भगवान बिरसा मुंडा के सम्मान में **एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट** का अनावरण करेंगे।
- वह जनजातीय समुदायों के उत्थान और क्षेत्र के ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में बुनियादी ढांचे में सुधार के उद्देश्य से **6,640 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास** भी करेंगे।
- बिरसा मुंडा का जन्म **15 नवंबर, 1875 को झारखंड के उलिहातु** में हुआ था और भारत सरकार द्वारा उनके जन्मदिन को प्रतिवर्ष **'जनजातीय गौरव दिवस'** के रूप में मनाया जाता है, जो उनकी स्थायी विरासत को उजागर करता है।
- **वर्ष 2021 से हर वर्ष 15 नवंबर को 'जनजातीय गौरव दिवस' मनाया जाता है।**
- **बिरसा मुंडा** ने ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन का विरोध करने और जनजातीय अधिकारों की वकालत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### डोमिनिका का सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान

डोमिनिका ने प्रधानमंत्री **नरेंद्र मोदी को अपना सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान देने की घोषणा** की है।



**मुख्य बिंदु**

- **डोमिनिका का सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को** COVID-19 महामारी के दौरान

डोमिनिका में उनके योगदान और भारत और डोमिनिका के बीच साझेदारी को मजबूत करने के उनके समर्पण को मान्यता देने के लिए दिया जाएगा।

- ❖ यह सम्मान **19-21 नवंबर को गुयाना के जॉर्जटाउन** में होने वाले **भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन** के दौरान डोमिनिका के राष्ट्रमंडल की अध्यक्ष **सिल्वेनी बर्टन** प्रधानमंत्री मोदी को प्रदान करेंगी।
- ❖ **फरवरी 2021 में** भारत ने डोमिनिका को **एस्ट्राजेनेका कोविड-19 वैक्सीन की 70,000 खुराक** की आपूर्ति की थी।
- ❖ यह पुरस्कार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और सूचना प्रौद्योगिकी में डोमिनिका के लिए भारत के समर्थन के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर जलवायु लचीलापन निर्माण पहल और सतत विकास को बढ़ावा देने में उनकी भूमिका को भी मान्यता देता है।

**डोमिनिका के संदर्भ में -**

- ❖ राजधानी- **रुसाउ**
- ❖ मुद्रा- **पूर्वी कैरेबियाई डॉलर**
- ❖ **अध्यक्ष - सिल्वेनी बर्टन**
- ❖ प्रधान मंत्री - **रूज़वेल्ट स्केरिट**




## मसाला फसलों के उत्पादन में मध्य प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर



**मसाला फसलों के उत्पादन में मध्य प्रदेश देश में नंबर वन बन गया है।**

**मुख्य बिंदु**

- ❖ वर्ष 2023-24 में राज्य के किसानों ने रिकॉर्ड **8 लाख 32 हजार 419 हेक्टेयर में मसाला फसलें बोईं और 54 लाख टन से अधिक मसाला फसलों का उत्पादन** किया है।
- ❖ उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग किसानों को खेती के साथ-साथ बागवानी फसलों को अपनाने के लिए विशेष रूप से प्रेरित कर रहा है।
- ❖ **हरी मिर्च** के उत्पादन में **मध्य प्रदेश देश में द्वितीय स्थान** पर है।
- ❖ इसके परिणामस्वरूप गत वर्ष प्रदेश में **13 हजार 110 हेक्टेयर उद्यानिकी फसलों** का विस्तार कर **42,730 किसानों को 44 करोड़ 85 लाख रूपये का अनुदान** प्रदान किया गया है।

## 18वाँ प्रवासी भारतीय दिवस

**ओडिशा** के मुख्यमंत्री **मोहन माझी ने नई दिल्ली में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस** के लिए **वेबसाइट** लॉन्च की हैं।




**मुख्य बिंदु**

- ❖ **18वां प्रवासी भारतीय दिवस (PBD) 8-10 जनवरी 2025 को ओडिशा में** आयोजित किया जाएगा।
- ❖ **प्रवासी भारतीय दिवस 2025 की थीम:** "विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदान" है।
- ❖ इसका आयोजन **विदेश मंत्रालय (MEA) द्वारा ओडिशा सरकार के सहयोग** से किया जाता है।
- ❖ प्रवासी भारतीय दिवस (PBD) एक उत्सव दिवस है जो (2003 से प्रारंभ हुआ) 9 जनवरी को मनाया जाता है।

❖ यह दिवस **9 जनवरी 1915 को महात्मा गांधी की दक्षिण अफ्रीका से मुंबई वापसी** की याद में मनाया जाता है।

## लघु समाचार

❖ भारतीय निशानेबाजी टीम की पूर्व मुख्य कोच **सुमा शिरूर** ने भारतीय खेल सम्मान 2024 में **'कोच ऑफ द ईयर (महिला)'** का पुरस्कार जीता।

❖ विश्व का पहला **'उच्च ऊंचाई वाला पैरा खेल केंद्र' (हाई एल्टीट्यूड पैरा स्पोर्ट्स सेंटर) लेह में स्थापित किया जाएगा।**

❖ टोक्यो के शिबुया वार्ड में स्थित स्केयरक्रो इनकॉर्पोरेटेड ने पिनफेनॉन (S) (R) के लिए दुनिया का पहला पेटेंट हासिल किया है, जो एक अग्रणी पशु पूरक है। इस उत्पाद का उद्देश्य **एट्रियल नैट्रियूरेटिक पेप्टाइड (ANP)** के स्तर को कम करके कुत्तों में हृदय संबंधित बीमारियों की रोकथाम और उपचार में सहायता करना है।

❖ **जयपुर** में स्थित दक्षिण पश्चिमी सेना कमान ने राजस्थान के रक्षा औद्योगिक आधार को बढ़ाने के लिए **ज्ञान शक्ति नाम से एक थिंक टैंक लॉन्च** किया है।

❖ **नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प** ने प्रतिनिधि **एलिस स्टेफ़निक** को अपने **संयुक्त राष्ट्र राजदूत** के रूप में चुना है।

❖ **प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (PGTI)** ने घोषणा की है कि **अमनदीप जोहल** जनवरी 2025 से **मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO)** की जिम्मेदारयां संभालेंगे।

❖ **पेट्रोलियम मंत्रालय** ने **अरविंदर सिंह साहनी** को भारत की सबसे बड़ी तेल कंपनी **इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (IOC)** का **नया अध्यक्ष** नियुक्त किया है।

## दैनिक करेंट अफेयर्स से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्न

**1. निम्नलिखित में से कौन सा राज्य वर्ष 2024 में मसाला फसल उत्पादन में प्रथम स्थान पर है?**

A. महाराष्ट्र
B. गुजरात
C. मध्य प्रदेश
D. राजस्थान

**उत्तर - C**

**2. हाल ही में निम्नलिखित में से किस देश ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को अपना सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया है?**

A. डोमिनिका
B. एलजीरिया
C. इजरायल
D. फिलिपींस

**उत्तर - A**

❍❍❍❍